पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उ०प्र०

(राज्यपाल सूचना परिसर)

राज्यपाल ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के निर्माण कार्यों की समीक्षा की

विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों एवं आगामी विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की

विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं, बेहतर शैक्षणिक एवं शोध वातावरण उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध पूर्णता के दिये निर्देश

लखनऊ : 04 मार्च, 2025

प्रदेश की राज्यपाल एवं राज्य विश्वविद्यालयों की कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने डॉ0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय, अयोध्या के स्वर्ण जयंती स्थापना दिवस समारोह के उपरांत समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालय में चल रहे निर्माण कार्यों एवं आगामी विकास योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की गई।

राज्यपाल जी ने निर्देश दिया कि सभी निर्माण कार्य समयबद्ध

एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने विश्वविद्यालय में नए भवनों के निर्माण तथा पूर्व से चले आ रहे निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए कार्यों की गति तेज करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो, यह सुनिश्चित किया जाए।

राज्यपाल जी ने समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त एवं जिलाधिकारी को भी विशेष रूप से निर्देशित किया कि वे निर्माण कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करें। उन्होंने बजट आवंटन और व्यय की पूरी पारदर्शिता सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी भी संबंधित अधिकारियों को सौंपी।

उन्होंने विश्वविद्यालय प्रशासन को निर्देश दिया कि विद्यार्थियों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने में कोई कमी न हो। छात्रों के लिए बेहतर शैक्षणिक एवं शोध वातावरण उपलब्ध कराने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं। इसी क्रम में, उन्होंने नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर विश्वविद्यालय परिसर में तालाब के निर्माण का भी निर्देश दिया, जिससे विद्यार्थियों को पर्यावरण संरक्षण एवं पारंपरिक जल प्रबंधन प्रणाली से जोड़ने का अवसर मिलेगा।

बैठक में मण्डलायुक्त श्री गौरव दयाल, जिलाधिकारी श्री चन्द्र विजय सिंह, विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल, विश्वविद्यालय प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

संपर्क सूत्र:

डॉ0 संगीता चौधरी,

सूचना अधिकारी, राजभवन

मो0: 9161668080